# HAPUR POLICE

## प्रेस नोट

**थाना - गढ़मुक्तेश्वर** **दिनांक 14.08.2026**

**थाना गढ़मुक्तेश्वर पुलिस ने करीब 12 दिन पूर्व शिवा ढ़ाबा के पास रोड़रेज की घटना में अजीम के घायल होने, दौराने उपचार अजीम की मृत्यु होने के मामले में प्रकाश में आये अभियुक्त को किया गिरफ्तार, जिसकी निशादेही पर घटना में प्रयुक्त डंडा बरामद।**

**संक्षिप्त विवरणः-**

दिनांक 31.07.2026 को अजीम मुरादाबाद से गाजियाबाद अपने छोटा हाथी वाहन से जा रहा था, थाना गढ़मुक्तेश्वर क्षेत्रान्तर्गत शिवा ढ़ाबा के पास अजीम ने लापरवाही पूर्वक अपने छोटा हाथी से ऑटो में टक्कर मार दी, जिसमें ऑटो चालक फरमान गंभीर रूप से घायल हो गया था। फरमान के साथियों द्वारा अजीम के साथ मारपीट की गई, जिसमें अजीम गंभीर रूप से घायल हो गया था। दोनों पक्षों द्वारा दी गई तहरीर के आधार पर थाना गढ़मुक्तेश्वर पर तत्समय एक-दूसरे के विरुद्ध अभियोग पंजीकृत किये गये थे।

**नोटः-** *घटना में नामजद फरमान (गंभीर रूप से घायल) को छोड़कर सभी नामजद 04 अभियुक्तों व प्रकाश में आये अभियुक्त की गिरफ्तारी कर ली गई है, उक्त प्रकरण में अभी तक कुल 05 अभियुक्तों की गिरफ्तारी जा चुकी है।*

**कार्यवाहीः-**

हापुड़ पुलिस द्वारा जनपद में अपराध की रोकथाम एवं वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत थाना गढ़मुक्तेश्वर पुलिस द्वारा थाने के मु0अ0सं0 394/2026 धारा 103(1), 191(2), 115(2) बीएनएस में वांछित/नामजद एक अभियुक्त को बदरखा फ्लाई ओवर के पास से गिरफ्तार किया गया है एवं अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।




**गिरफ्तार अभियुक्त का नाम व पताः-**

दक्ष पुत्र नागेन्द्र उर्फ पाली निवासी ग्राम बझैडा खुर्द थाना पिलखुवा जनपद हापुड।

**बरामदगी का विवरणः-**

एक डण्डा (घटना में प्रयुक्त)

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीमः-**

1. निरीक्षक श्री सुधीर कुमार थाना गढ़मुक्तेश्वर जनपद हापुड़।
2. उ0नि0 श्री करन कुमार थाना गढ़मुक्तेश्वर जनपद हापुड़।
3. उ0नि0 श्री लोकेन्द्र सिंह थाना गढमुक्तेश्वर जनपद हापुड़।
4. है0का0 307 कंचन कुमार थाना गढ़मुक्तेश्वर जनपद हापुड़।
5. रि0का0 445 पुष्पेन्द्र सिंह थाना गढ़मुक्तेश्वर जनपद हापुड़।